Headline: - Young artists honored at the national exhibition

Print Coverage:

Date	Publication	Edition
15 June, 2026	Danik Bhaskar	All

राष्ट्रीय प्रदर्शनी में किया युवा कलाकारों को सम्मानित

सिटी रिपोर्टर •सुरेन्द्र पाल जोशी कला स्मृति ट्रस्ट की ओर से आयोजित 'अखिल भारतीय युवा कलाकार प्रदर्शनी-2026' का रविवार को आरआईसी में समापन हुआ। तीन दिन चली प्रदर्शनी में देशभर से कलाकार, कला विद्यार्थी और कला प्रेमी पहुंचे। प्रदर्शनी का उद्घाटन 12 जून को राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने किया था। कार्यक्रम में सुषमा के. बहल और डॉ. अशोक अग्रवाल सहित कला एवं संस्कृति जगत से जुड़े लोग मौजूद रहे। इस दौरान प्रदर्शनी कैटलॉग का विमोचन किया गया और अखिल भारतीय युवा कलाकार पुरस्कार-2026 प्रदान किए गए। प्रथम पुरस्कार लकी जायसवाल (इंदौर) को, द्वितीय पुरस्कार धीरज बलिहारा (हनुमानगढ़) को दिया गया। तृतीय पुरस्कार ऋषभ गौतम (लखनऊ), साक्षी गोयल (जयपुर), बेणुगोपाल भोई (बरगढ़) और नैना सोमानी (उदयपुर) को प्रदान किया गया।